**K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR**
**ASSESSMENT IV 2023-24**

**Grade:VII** **Marks : 100**
**Subject – Hindi** **Time:3 Hours**

---

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं – खंड'क',खंड 'ख' , खंड 'ग', खंड 'घ'|

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है|

(iii) यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए |

**खंड 'क'**

**प्र 1. (अ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक )**

बारहवें दिन युधिष्ठिर को पकड़ने की योजना में सफलता पाने की इच्छा से अर्जुन को दूर ले जाने का निर्णय किया गया | अर्जुन को संसप्तको ने ललकारा और वे अर्जुन को दूर ले गए | एक अफवाह फैली कि भगदत्त के हाथी ने भीम को मार दिया | इस पर विश्वास करके युधिष्ठिर ने भगदत्त पर आक्रमण करने का आदेश दिया | अर्जुन भी वहीं आ गया | भगदत्त का तोमर अर्जुन के मुकुट पर जाकर लगा | तब अर्जुन ने अपने गांडीव से भगदत्त का धनुष तोड़ दिया | भगदत्त के मर्मस्थलों पर बाण चलाए | आँखों के ऊपर बंधी रेशमी पट्टी काट दी जिससे भगदत्त की आँखें बंद हो गई | भगदत्त के मारे जाने से कौरव सेना तितर-बितर होने लगी | शकुनि के दो भाई वृषक और अचक अर्जुन से लड़ते-लड़ते मृत्यु को प्राप्त हुए |
भाइयों की मृत्यु से आहत शकुनि ने अर्जुन पर जवाबी प्रहार किया किंतु उसे भी आहत होकर युद्ध क्षेत्र से हटना पड़ा | इसके बाद पांडव सेना ने द्रोणाचार्य पर प्रहार किया | अनेक वीर मारे गए | सूर्य को अस्त होता देख आचार्य ने युद्ध बंद कर दिया | तेरहवें दिन भी संसप्तको ने अर्जुन को युद्ध के लिए ललकारा | अर्जुन उनके साथ लड़ता हुआ दक्षिण दिशा की ओर चला | दोनों के मध्य घोर संग्राम हुआ | इधर आचार्य द्रोण ने चक्रव्यूह की रचना कर युधिष्ठिर पर धावा बोल दिया |

(1) कौरवों ने अर्जुन को युद्ध क्षेत्र से दूर ले जाने का निर्णय क्यों लिया? 1

(क) ताकि अर्जुन को अकेले पाकर मारा जा सके |
(ख) ताकि युधिष्ठिर को बंदी बना सके |
(ग) ताकि अर्जुन को युधिष्ठिर के विरुद्ध भड़काया जा सके |
(घ) इनमें से कोई नहीं |

(2) शकुनि के दो भाई कौन थे ? 1

(क) भगदत्त व तोमर (ख) वृषभ व भगदत्त
(ग) अचक व भगदत्त (घ) वृषक व अचक

(3) शकुनि के भाइयों को किसने मारा ? 1

(क) युधिष्ठिर (ख) श्रीकृष्ण
(ग) अर्जुन (घ) भीमसेन

(4) बारहवें दिन के युद्ध का अंत क्या हुआ ? 1

(क) पांडव जीते (ख) कौरव जीते

(ग) निर्णय न हो पाया।        (घ) इनमें से कोई नहीं

(5) कौनसी अफवाह फैली थी? 1

(क) भगदत्त के हाथी ने भीम को मार दिया |

(ख) शकुनि के हाथी ने अर्जुन को मार दिया |

(ग) कौरव के हाथी ने भीम को मार दिया ।

(घ) भीम को द्रोणाचार्य ने मार दिया |

(6) युद्ध क्यों रोका गया ? 1

(क) कौरवों की जीत हुई थी

(ख) सूर्यास्त के कारण

(ग) पांडवों की जीत के कारण

(घ) इनमें से कोई नहीं|

(7) तेरहवें दिन युद्ध में चक्रव्यूह किसने रचा ? 1

(क) द्रोण                (ख) अर्जुन

(ग) विराट                (घ) अभिमन्यु

**(आ) निम्नलिखित काव्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

गोल हैं खूब मगर
आप तिरछे नजर आते हैं जरा।
आप पहने हुए हैं कुल आकाश
तारों-जड़ीत;
सिर्फ मुँह खोले हुए है अपना
गोरा-चिट्टा
गोल-मटोल
अपनी पोशाक को फैलाए हुए चारों सिम्त।
आप कुछ तिरछे नजर आते हैं जाने कैसे
-खूब है जोकि!
वाह जी, वाह!
हमको बुद्ध ही निरा समझा है!
हम समझते ही नहीं जैसे कि
आपको बीमारी है :
आप घटते हैं तो घटते ही चले जाते हैं,
और बढ़ते हैं तो बस यानी कि
बढ़ते ही चले जाते हैं -
दम नहीं लेते हैं जब तक बिलकुल ही
गोल न हो जाएँ,
बिलकुल ही गोल |
यह मरज़ आपका अच्छा ही नहीं होने में-
आता है |

1. उपर्युक्त पद्यांश में किसका वर्णन किया गया है ? 1

(क) सूर्य (ख) चाँद

(ग) तारे (घ) आकाश

2. चाँद कैसा लग रहा था ? 1

(क) चपटा, तारों से जड़ित व मुँह खोले हुए |

(ख) गोल-मटोल, गोरा-चिट्टा, सारे आकाश में फैला हुआ, तारों जड़ा, वस्त्र पहने व मुँह खोले हुए |

(ग) लंबा, तारों से जड़ित व मुँह खोले हुए।

(घ) इनमें से कोई नहीं |

3. चाँद की पोशाक की क्या विशेषता है ? 1

(क) आकाश में चारों तरफ फैली हुई ।

(ख) चाँद के मुँह को भी ढकी हुई।

(ग) तिरछी पोशाक |

(घ) मोतियों से जड़ी पोशाक |

4. कवि को चाँद कैसा दिखाई देता है ? 1

(क) कवि को चाँद तिरछा नजर आता है |

(ख) लंबा नजर आता है |

(ग) चौड़ा नजर आता है |

(घ) घुमावदार और तिकोना नजर आता है |

5. कवि के अनुसार चाँद को क्या बीमारी है ? 1

(क) तिरछे रहने की (ख) अकड़ने की

(ग) घटने-बढ़ने की (घ) हरदम घूमते रहने की

6. चाँद के शरीर की क्या विशेषता है ? 1

(क) कभी पूरा गोल होता है | (ख) कभी-कभी दिखाई ही नहीं देता |

(ग) कभी घटता तो कभी बढ़ता रहता है | (घ) दिए गए सभी |

7. पद्यांश में 'कुल' शब्द किसका प्रतीक है ? 1

(क) आधा (ख) सारा

(ग) योग (घ) जोड़

## खंड 'ख'

**प्र.2.(अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

जगदीशपुर के जंगलों में 'बसुरिया बाबा' नाम के एक सिद्ध संत रहते थे | उन्होंने ही कुँवर सिंह में देशभक्ति एवं स्वाधीनता की भावना उत्पन्न की थी | उन्होंने बनारस, मथुरा, कानपुर, लखनऊ आदि स्थानों पर जाकर विद्रोह की सक्रिय योजनाएँ बनाईं | वे 1845 से 1846 तक काफ़ी सक्रिय रहे और गुप्त ढंग से ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की योजना बनाते रहे | उन्होंने बिहार के प्रसिद्ध सोनपुर मेले को अपनी गुप्त बैठकों की योजना के लिए चुना | सोनपुर के मेले को एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला माना जाता है | यह मेला कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगता है | यह हाथियों के क्रय-विक्रय के लिए भी विख्यात है | इसी ऐतिहासिक मेले में उन दिनों स्वाधीनता के लिए लोग एकत्र होकर क्रांति के बारे में योजना बनाते थे |

25 जुलाई 1857 को दानापुर की सैनिक टुकड़ी ने विद्रोह कर दिया और सैनिक सोन नदी पार कर आरा की ओर चल पड़े | कुंवर सिंह से उनका संपर्क पहले से ही था | इस मुक्तिवाहिनी के सभी बागी सैनिकों ने कुँवर

सिंह का जयघोष करते हुए आरा पहुँचकर जेल की सलाखें तोड़ दीं और कैदियों को आजाद कर दिया | 27 जुलाई 1857 को कुँवर सिंह ने आरा पर विजय प्राप्त की |

1. कुँवर सिंह में देशभक्ति की भावना किसने जागृत की? 1

(क) उनके पिता ने (ख) उनके मित्र ने

(ग) बसुरिया बाबा ने (घ) उनकी माँ ने

2. सन 1845 से 1846 तक का समय स्वतंत्रता हेतु क्यों विशेष माना जाता है ? 1

(क) यह अंग्रेजों के विरुद्ध योजनाएँ बनाने के लिए विशेष माना गया |

(ख) इस समय में अंग्रेज कुँवर सिंह से परेशान हो गए |

(ग) इस समय में अंग्रेजों ने भारतीयों पर बहुत जुल्म ढाए |

(घ) कुँवर सिंह ने देश हेतु घर त्याग दिया |

3. सोनपुर के पशु मेले का महत्त्व क्यों था? 1

(क) यह पूरे एशिया का सबसे बड़ा मेला माना जाता था |

(ख) इस मेले में बहुत से हाथियों का क्रय-विक्रय होता था |

(ग) इस ऐतिहासिक मेला माना जाता है |

(घ) दिए गए सभी |

4. सोनपुर का मेला कब लगता था ? 1

(क) कार्तिक पूर्णिमा को (ख) कार्तिक अमावस्या को

(ग) सावन के महीने में (घ) दीपावली से पूर्व

5. क्रांति से संबंधित सभी गुप्त योजनाएँ कुँवर सिंह कहाँ बनाया करते थे ? 1

(क) अपने घर से दूर (ख) सोनपुर के पशु मेले में

(ग) दूर जंगलों में (घ) बड़ी-बड़ी सभाओं में

6. आरा पर किसने विजय प्राप्त की ? 1

(क) बसुरिया बाबा ने (ख) ब्रिटिश ने

(ग) कुँवर सिंह ने (घ) मुक्तिवाहिनी के सैनिकों ने

7. ऐतिहासिक मेले का क्या महत्त्व था? 1

(क) लोग मेले में आकर घूमने का आनंद लेते थे|

(ख) लोग हाथियों को खरीदने और बेचने के लिए आते थे |

(ग) स्वाधीनता के लिए एकत्र होकर क्रांति के बारे में योजना बनाते थे |

(घ) लोगों से मिलना होता था |

**(आ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए: (7 अंक)**

धनराज - सबसे अधिक प्रेरणा मुझे अपनी माँ से मिली | उन्होंने हम सब भाई-बहनों में अच्छे संस्कार डालने की कोशिश की | मैं उनके सबसे नजदीक हूँ | मैं चाहे भारत में रहूँ या विदेश में, रोज़ रात में सोने से पहले माँ से जरूर बात करता हूँ | मेरी माँ ने मुझे अपनी प्रसिद्धि को विनम्रता के साथ सँभालने की सीख दी है | मेरी सबसे बड़ी भाभी कविता भी मेरे लिए माँ की तरह हैं और वह भी मेरे लिए प्रेरणा-स्रोत रही हैं |

विनीता - अपने सबसे पहले कृत्रिम घास (एस्ट्रो टर्फ) पर हॉकी कब खेली ?

धनराज - मैंने सबसे पहले कृत्रिम घास तब देखी जब राष्ट्रीय खेलों (नेशनल) में भाग लेने 1988 में नयी दिल्ली आया | मुझे याद है कि किस तरह सोमय्या और जोक्विम कार्वाल्हो मुझे एक कोने में ले जाकर कृत्रिम घास पर खेलने के गुर बता रहे थे | और जब वे बताने में लगे हुए थे, मैं झुक-झुककर उस मैदान को छू रहा

था | मुझे विश्वासी नहीं हो रहा था कि विज्ञान इस कदर तरक्की कर सकता है, जिससे कृत्रिम घास तक उगाई जा सके !

1. प्रसिद्धि को विनम्रता के साथ सँभालने की सीख धनराज को किससे मिली ? 1

(क) भाई से (ख) बहनों से

(ग) गुरु से (घ) माँ से

2. धनराज ने सबसे पहले कृत्रिम घास कब देखी ? 1

(क) सन् 1988 में राष्ट्रीय खेलों के समय दिल्ली में।

(ख) सन् 1989 में राष्ट्रीय खेलों के समय दिल्ली में

(ग) सन् 1987 में राष्ट्रीय खेलों के समय दिल्ली में

(घ) सन् 1986 में राष्ट्रीय खेलों के समय दिल्ली में

3. कृत्रिम घास से क्या तात्पर्य है ? 1

(क) विदेशी घास (ख) नकली घास

(ग) विशेष पौधे की घास (घ) एक विशेष स्थान की घास

4. धनराज को कृत्रिम घास पर खेलने के गुर किसने बताए ? 1

(क) सोमय्या और जोक्विम कार्वाल्हो ने (ख) जोक्विम कार्वाल्हो ने

(ग) सोमय्या ने (घ) उन्हें सभी गुण आते थे किसी ने भी उन्हे नही सिखाया |

5. कृत्रिम घास को देखकर धनराज ने क्या सोचा? 1

(क) धनराज को कृत्रिम घास को देखकर हैरानी थी कि विज्ञान ने कितनी तरक्की की है |

(ख) घास अच्छी नहीं है |

(ग) घास की आवश्यकता नहीं थी |

(घ) इनमें से कोई नहीं |

6. यह पंक्तियाँ कौन किसे कह रहा है ? 1

(क) धनराज स्वयं से (ख) धनराज अपनी पत्नी से

(ग) धनराज विनीत पांडेय से (घ) धनराज अपनी माँ से

7. माँ की तरह और कौन धनराज की प्रेरणास्त्रोत रही है ? 1

(क) उनकी बहन (ख) उनकी बेटी

(ग) उनकी बड़ी भाभी कविता (घ) उनकी दादी

**प्र.3.(अ) निम्नलिखित पठित काव्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

मैं घमंडों में भरा ऐंठा हुआ,
एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा ।
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ,
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा।

1. पाद्यांश में 'मैं' किसका प्रतीक है? 1

(क) लोगों का (ख) कवि का

(ग) एक व्यक्ति का (घ) इनमें से कोई नहीं

2. कवि कहाँ खड़ा था ? 1

(क) छत के किनारे (ख) आँगन में

(ग) छत के बीचोबीच (घ) बगीचे में

3. कवि कैसे खड़ा था ? 1

(क) खुशी से (ख) घमंड में चूर

(ग) उदास होकर (घ) नतमस्तक होकर

4. अचानक क्या हुआ? 1

(क) एक बड़ा पक्षी छत पर आ गया।

(ख) मिट्टी का कण आँख में आ गिरा।

(ग) तेज आँधी आ गई।

(घ) एक तिनका कवि की आँख में आकर गिर गया।

5. कवि मन ही मन अपने बारे में क्या सोचता था? 1

(क) वह किसी को कुछ भी कह सकता है।

(ख) उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

(ग) वह अत्यधिक धनवान है।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

6. 'मुंडेर' शब्द का अर्थ है - 1

(क) अचानक (ख) अभिमान से तनकर

(ग) छत का किनारा (घ) सूखी घास

7. 'एक तिनका' कविता के रचनाकार हैं - 1

(क) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(ख) महादेवी वर्मा

(ग) प्रयाग शुक्ल

(घ) प्रेमचंद

**(आ) निम्नलिखित पठित काव्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

जागो बंसीवारे ललना !
जागो मोरे प्यारे !
रजनी बीती, भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे |
गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे||
उठो लालाजी! भोर भयो है, सुर-नर ठाढ़े द्वारे|
ग्वाल-बाल सब करत कुलाहल, जय-जय सबद उचारे ||
माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे|
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयाँ को तारै||

1. इस पद्यांश की रचयिता है ? 1

(क) महादेवी वर्मा (ख) मीराबाई

(ग) सुभद्रा कुमारी चौहान (घ) कोई अन्य

2. पद्यांश में किस समय की बात की गई है ? 1

(क) भोर के समय की (ख) दोपहर के समय की

(ग) शाम के समय की (घ) रात के समय की

3. मीरा कृष्ण को क्यों उठाना चाहती है ? 1

(क) भोर का समय हो गया था

(ख) ग्वाल बाल उनका इंतजार कर रहे थे

(ग) गोपियाँ कृष्ण के लिए ताजा मक्खन निकल रही थी

(घ) दिए गए सभी|

4. कृष्ण को जगाने हेतु द्वार पर कौन-कौन खड़े थे ? 1

(क) सारे ग्वाल बाल (ख) देव और मानव (नर)

(ग) सारी गोपियाँ (घ) नंद बाबा

5. ग्वाल बालों के हाथ में क्या था ? 1

(क) माखन (ख) रोटी

(ग) माखन-रोटी (घ) दूध-दही

6. 'गिरधर नागर' से आप क्या समझते हो ? 1

(क) पर्वत को धारण करने वाला (ख) नगर में रहने वाला

(ग) गायों को चराने वाला (घ) इनमें से कोई नहीं |

7. गोपियों के दही बिलोने का पता कैसे चलता है ? 1

(क) गोपियों के गाना गाने से (ख) किवाड़ खुला होने से

(ग) उनके हाथों की कंगनों की झंकार से (घ) सखाओं के बुलाने से

**प्र.4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (कोई 6) (18 अंक)**

1. 'बंसीवारे ललना' 'मोरे प्यारे', 'लाल जी', कहते हुए यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती हैं और वे कौन-कौन सी बातें कहती है?
2. कुँवर सिंह ने अपना बायाँ हाथ गंगा मैया को समर्पित क्यों किया?
3. धनराज के जीवन से हमें क्या सीख मिलती है ?
4. यदि अहमदाबाद आश्रम का खर्च उठाता तो उसे किन-किन मदों पर खर्च करना पड़ता ?
5. 'एक तिनका' कविता का उद्देश्य क्या है ?
6. खानपान में बदलाव के कौन से फायदे हैं ? फिर लेखक इस बदलाव को लेकर चिंतित क्यों है ?
7. लेखिका को नीलकंठ की कौन-कौन सी चेष्टाएँ बहुत भाती थीं ?

## खंड 'ग'

**प्र.5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -**

**निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए: (20 अंक)**

**1.संधि-विच्छेद के सही संधि रुप को पहचानिए: 1**

इति + आदि

(क) इतियादी (ख) इत्यादि (ग) इतिआदि (घ) इत्यिदि

2.**निम्नलिखित शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1**

पुष्प = 1. _________ 2. _________

3.**निम्नलिखित प्रश्नों में से सही विलोम शब्द पहचानिए : 1**

कृत्रिम

(क) सकृत्रिम (ख) अकृत्रिम (ग) प्राकृतिक (घ) हस्तशिल्प

4.**अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : 1**

जल में रहने वाले जीव - ________

**5. पदभेद के सही रूप को पहचानिए :** **1**

बच्चे <u>मैदान में</u> खेल रहे हैं |

(क) अपादान कारक (ख) संबंधबोधक अव्यय

(ग) समुच्चयबोधक अव्यय (घ) अधिकरण कारक

**6. दिए गए शब्द के लिए प्रयुक्त उपसर्ग का सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **1**

स्वतंत्र

(क) सव (ख) तंत्र (ग) स (घ) स्व

7. **सही विकल्प का चयन कीजिए :** **1**

________ खिलते ही भौंरा मँडराने लगा |

(क) कलि (ख) कली

(ग) पवन (घ) आली

**8. अर्थ के आधार पर वाक्य का सही विकल्प पहचानिए** : 2

(i) झरनों का जल मीठा होता हैं |

(क) विधानवाचक वाक्य (ख) संदेहवाचक वाक्य

(ग) सरल वाक्य (घ) संकेतवाचक वाक्य

(ii) तुम कहाँ जा रहे हो ?

(क) प्रश्नवाचक वाक्य (ख) संदेहवाचक वाक्य

(ग) निषेधवाचक वाक्य (घ) संकेतवाचक वाक्य

9.रचना के आधार पर वाक्य का सही प्रकार पहचानिए : 1

माँ ने खाना बनाया और बच्चों को परोसा |

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य

10. निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्दों का सही विकल्प चुनकर लिखिए : 2

(i) (क) ग्यान (ख) ज्ञान (ग) गयान (घ) गैयान

(ii) (क) नमस्कार (ख) नम्सकार (ग) नमश्कार (घ) नमशकार

11.निम्नलिखित वाक्य में सही शब्द भरिए – 1

बड़ों के ________ से सभी कार्य पूरे हो जाते हैं | (आशीर्वाद/आर्शीवाद)

12. निम्न वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1

(क) उसने विद्यालय जाना है |

(ख) वह ने विद्यालय जाना है |

(ग) उसे विद्यालय जाना है |

(घ) विद्यालय जाना है उसने |

13. निम्नलिखित वाक्य में उचित विरामचिह्न डालकर लिखिए : 1

काश मैं मैच जीत जाता

14. सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1

कोष्ठक का चिह्न है –

(क) ‘ ’ (ख) “ ” (ग) ( ) (घ) ?

15. निम्नलिखित मुहावरो का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करो : 1

बगावत करना

16. नीचे लिखी लोकोक्ति का सही अर्थवाला विकल्प चुनकर लिखिए : 1

ऊँची दुकान फीका पकवान

(क) बड़ी दुकान के पकवान अच्छे न होना

(ख) दुकान ऊँची और पकवान कम होना

(ग) नाम अधिक गुणवत्ता कम

(घ) दो मिठाइयाँ घी की होना

17.काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का सही विकल्प चुनकर लिखिए : 2

(i) काली घटा का घमंड घटा |

(क) यमक (ख) अनुप्रास (ग) अतिशयोक्ति (घ) उपमा

(ii) बालों को खोलकर मत चला करो
दिन में रास्ता भूल जाएगा सूरज |

(क) अतिशयोक्ति (ख) उपमा (ग) रूपक (घ) उत्प्रेक्षा

## <u>खंड 'घ'</u>

**लेखन-विभाग :** **(20 अंक)**

**प्र.6. अनुच्छेद-लेखन: (कोई – 1)** **5**

1. इंटरनेट की दुनिया

(विज्ञान का चमत्कार, अद्भुत क्रांति, मनोरंजन का साधन, वरदान भी अभिशाप भी)

2. खेल और व्यायाम

(स्वास्थ्य और जीवन, खेल और व्यायाम का राष्ट्र की उन्नति में योगदान)

**प्र.7. सूचना-लेखन:** **5**

आपके स्कूल ने कश्मीर की सुंदर वादियों की सैर का आयोजन किया है | विद्यार्थियों तक इसकी जानकारी देने के लिए एक सूचना पट्ट पर लिखिए |

**प्र.8. प्रतिवेदन:** **5**

विद्यालय में मनाए गए स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का प्रतिवेदन लिखिए |

प्र.9. चित्र-वर्णन :

निम्नलिखित चित्र देखकर चित्र का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए : 5

